**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली**
**निदेशक कार्यालय**

फा.सं.40-30/2022-स्था.I दिनांक : 06.05.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: एम्स नई दिल्ली में कैथ प्रयोगशालाओं की क्षमता में वृद्धि करने संबंधी।**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा एम्स संकाय सदस्यों के साथ चर्चा के दौरान, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि वर्तमान में एम्स नई दिल्ली में क्रियाशील कैथ प्रयोगशालाओं की संख्या मांग से बहुत कम है। इसलिए, मौजूदा कैथ प्रयोगशालाओं में जटिल तंत्रिका और हृद प्रक्रियाओं के लिए भी लंबी प्रतीक्षा सूची है। इसके अलावा, यह भी देखा गया है कि आपातकालीन विभाग में आपातकालीन रोगियों के लिए कोई समर्पित कैथ प्रयोगशाला नहीं है, जिसके कारण प्राथमिक इंटरवेंशन्स के लिए डोर-टू-नीडल समय बढ़ जाता है।

तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि हृद तंत्रिका केंद्र द्वारा बेहतर रोगी उपचार के लिए अधिकतम अनुमानित आवश्यकता के अनुसार जल्द से जल्द कैथ प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, सबसे महत्वपूर्ण गोल्डन ऑवर के भीतर त्वरित प्राथमिक तंत्रिका, हृदय एवं अन्य इंडोवेस्कुलर इंटरवेंशन्स सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन विभाग में एक साझी कैथ प्रयोगशाला आरंभ की जाएगी।

**प्रो. एम श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण:** (आवश्यक कार्रवाई हेतु)

1. प्रमुख, हृद वक्ष केंद्र
2. प्रमुख, तंत्रिका विज्ञान केंद्र
3. अध्यक्ष, विकिरण-निदान विभाग
4. अध्यक्ष, आपातकालीन चिकित्सा विभाग
5. चिकित्सा अधीक्षक (अस्पताल)

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F. No. 40-30/2022-Estt.I 06.05.2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Augmentation of CATH Lab capacity at AIIMS New Delhi reg.**

During the undersigned's discussion with AIIMS Faculty, it has been highlighted that currently the number of CATH Labs operational at AIIMS New Delhi are far less than the demand. Hence, there is a long waiting list for even complex neuro & cardio procedures to be performed in the existing CATH Labs. Also, it has been noted that there is no dedicated CATH Lab for Emergency patients within the emergency department, which leads to an increase in the door to needle time for primary interventions.

Accordingly, it has been decided that the Cardio Neuro Centre shall augment the number of CATH Labs therein at the earliest as per the maximum projected requirement for optimal patient care. Also, a shared CATH Lab shall be operationalized in the emergency department to ensure prompt primary neuro, cardio & other endovascular interventions within the most vital golden hour.

6/5/2024

**Prof. M Srinivas**
Director

**Circulation** (for necessary action)

1. Chief, Cardio Thoracic Centre
2. Chief, Neuro Sciences Centre
3. Head, Dept. of Radio-Diagnosis
4. Head, Dept. of Emergency Medicine
5. Medical Superintendent (H)